**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 19.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

**1— संसद का शीतकालीन सत्र विकसित भारत — जी राम जी सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ आज संपन्न हो गया।**

**2— एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र भरने का काम पूरा होने के बाद अब मतदाता सूची का प्रकाशन तेईस दिसंबर को किया जाएगा।**

**3— बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया।**

**4— शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया को न्यायालय ने चौदह दिन की ईडी रिमांड पर भेजा।**

**संसद सत्र—संपन्न**

संसद का शीतकालीन सत्र विकसित भारत — जी राम जी सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ आज संपन्न हो गया। यह सत्र एक दिसंबर से शुरू हुआ था। इससे पहले, संसद ने विपक्ष के विरोध के बीच विकसित भारत — रोज़गार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण — जी राम जी विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल रात इसे मंजूरी दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार मिलेगा। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार, राष्ट्र प्रथम के विचार के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसलिए इसी साल बजट में प्रस्तावित है, एक लाख 51 हजार 2 सौ 82 करोड़ रुपया और ये रुपया कहां जाएगा, ये मजदूरों को मजदूरी देने भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड़ रुपया खर्चा करेगी। सरकार इस विधेयक के माध्यम से वर्ष दो हजार सैंतालीस में विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है।

**एसआईआर—सूची**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्र भरने का काम पूरा होने के बाद अब मतदाता सूची का प्रकाशन तेईस दिसंबर को किया जाएगा। यह जानकारी राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि नई मतदाता सूची में अगर किसी व्यक्ति का नाम कट जाता है तो वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए घोषणा पत्र के साथ फॉर्म—छह में आवेदन कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि तेईस दिसंबर को जारी होने वाली मतदाता सूची सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति अपना नाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी देख सकता है और सूची में नाम में किसी तरह की गलती होने पर उसे सुधरवा सकता है।

**उघोग मंत्री—पत्रकारवार्ता**

राज्य के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने विभाग की पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों को बताते हुए कहा है कि प्रदेश में अब हर पांच में से एक निवेश यानी करीब बीस प्रतिशत निवेश आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में आ रहा है। इसमें से भी करीब पचास प्रतिशत निवेश प्राथमिक क्षेत्रों जैसे सेमीकंडक्टर और एआई डेटा सेंटर जैसे

क्षेत्रों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य को संतावन ऐसी परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनकी लागत एक हजार करोड़ रूपए से अधिक है। इससे बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## कॉमन फैसिलिटी सेंटर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नवा रायपुर में प्रस्तावित कॉमन फैसिलिटी सेंटर परियोजना के लिए साढ़े बाईस करोड़ रूपये की राशि पहली किश्त के रूप में जारी करने की मंजूरी दी है। यह राशि माडिफाइड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स योजना के तहत दी गई है। वहीं, इस परियोजना के मूल्यांकन और निगरानी की जिम्मेदारी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया को सौंपी गई है। इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर के माध्यम से उद्योगों को साझा अधोसंरचना, तकनीकी सुविधाएं, परीक्षण और नवाचार से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

## मुख्यमंत्री–घासीदास जयंती

बाबा गुरु घासीदास जी की दो सौ उनहत्तरवीं जयंती समारोह के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर, दुर्ग और मुंगेली जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए और गुरू घासीदास का स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने "मनखे–मनखे एक समान" का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया है। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति छात्रावास की क्षमता बढ़ाकर तीन सौ सीटर किए जाने की घोषणा की। वहीं, भिलाई के सेक्टर–छह स्थित सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सतनाम भवन में डोम निर्माण के लिए पचास लाख रुपये और बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रति वर्ष दस लाख रुपये देने की घोषणा की। इसी तरह, मुख्यमंत्री मुंगेली जिले के लालपुर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने लालपुर में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश द्वार निर्माण और सतनाम भवन के जीर्णोद्धार के अलावा मेला तथा कार्यक्रम आयोजन के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के साथ कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब भी मौजूद थे।

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया है। मौके से माओवादी के शव के साथ हथियार भी बरामद किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने इस मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी।

## सौम्या चौरसिया–ईडी

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय–ईडी के चौदह दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। ईडी ने सौम्या चौरसिया को दो दिन पहले धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था, इसके बाद चौरसिया को आज रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया गया।

ईडी ने शराब घोटाला के मामले में कुछ आरोपियों के बयानों के आधार पर सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसे जांच से यह पता चला है कि शराब घोटाला से राज्य के खजाने को बड़ा नुकसान हुआ है और शराब सिंडिकेट बनाकर ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक की अनियमितता की गई है। ईडी के अनुसार सौम्या चौरसिया को लगभग एक सौ पन्द्रह करोड़ रुपये की राशि दी गई है और वो शराब सिंडिकेट की एक सक्रिय सदस्य थी।

## डीएसपी–घायल

सुकमा जिले के उप पुलिस अधीक्षक तोमेश वर्मा, चाकूबाजी की घटना में घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि श्री वर्मा जिला न्यायालय दंतेवाड़ा आए हुए थे, इसी दौरान बाजार क्षेत्र में एक युवक और एक युवती ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया है। श्री वर्मा का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस बीच, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है और उन्हे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**जेम–समिट**

गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस–जेम ने रायपुर में "छत्तीसगढ़ के खरीदारों और विक्रेताओं के लिए जेम एक्सीलेंस समिट–दो हजार पच्चीस" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभागों और स्थानीय उद्यमों को जेम इकोसिस्टम का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए सशक्त बनाना था, जिससे खरीद परिणामों में तेजी, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" इस बार सिकल सेल बीमारी पर केन्द्रित रहेगा। इस संबंध में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर गजेन्द्र सिंह से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण कल बीस दिसंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**विनोद कुमार शुक्ल–एम्स**

प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार और भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल का इलाज रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में चल रहा है। एम्स से जारी श्री शुक्ल की मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर, लेकिन स्थिर बनी हुई है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम गठित कर उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। श्री शुक्ल को स्वास्थ्य में गिरावट और सांस लेने में कठिनाई के कारण बीते दो दिसंबर को एम्स में भर्ती किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>